गुरु गोबिन्द सिंह पब्लिक स्कूल

जनवृत 5/बी, बोकारो इस्पात नगर

पुनरावृति नियत कार्य भार–2019–20

कक्षा–सात   विषय : हिन्दी

आवश्यक निर्देशः
1.सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2.लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए।
3.निर्देशानुसार उत्तर दें।

प्रश्नः1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें।
मित्रता कह देने मात्र से नहीं हो जाती । इसके लिए हमें दिल की अपेक्षा दिमाग का प्रयोग अधिक करना पड़ता है, क्योंकि मित्र के चयन में यदि यह पक्ष अधूरा रह गया तो सही मित्र की प्राप्ति से वंचित रह जाएँगे । दूसरी ओर यदि आपका चयन सही हुआ तो मित्र से होने वाले लाभ मिलेंगे ही ,दूसरों द्वारा मिसाल के रूप में भी आपका व्यक्तित्व भी महकेगा। फिर इतने लाभ से वंचित क्यों रहा जाए ? अब बुद्धि ही कहेगी कि नहीं ,इसलिए बुद्धि को त्यागना अथवा बुद्धि का प्रयोग न करना कहाँ तक उचित है ?

प्रश्नः क) मित्रता के लिए दिल से अधिक किसका प्रयोग करना चाहिए ?
ख) मित्रता के सही पहचान के उपाय लिखिए?
ग) मित्र का सही चयन न होने पर क्या हानि हो सकती है?
घ)' मित्र' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।
घ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें ।

प्र0 2: पठित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखें –

" मित्रता बड़ा अनमोल रतन,
कब इसे तौल सकता है धन?
धरती की तो है क्या बिसात?
आ जाए अगर बैकुंठ हाथ,
उसको भी न्योछावर कर दूँ,
कुरुपति के चरणों पर धर दूँ।"

क) मित्रता को अनमोल रत्न क्यों कहा गया है?
ख) मित्रता को धन से क्यों नहीं तौला जा सकता ?
ग) कुरुपति किसको कहा गया है?
घ) बैकुंठ को चरणों पर रखने का क्या अर्थ है?
ड.) इस कविता के कवि का नाम लिखें।

प्रश्न 3: सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।
प्रश्न 4: भाषा की परिभाषा उसके उदाहरणों व भेदों के साथ लिखें।
प्रश्न 5:संज्ञा की परिभाषा उसके उदाहरणों व भेदों के साथ लिखें।
प्रश्न 6: निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखें।
जग , आकाश , घर , माँ , नरेश , नदी , हाथी , आसमान, उत्सव ,नई , आग ,यमुना
प्रश्न 7: नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखें।
जीवन, पवित्र, शत्रु ,धीर, आदर, हानिकारक, सत्य, जीवन ,मान, वीर , रात्रि ,आज्ञा

प्रश्न 8: वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें।

जिसके अंदर साहस हो–
वर्ष में होने वाला–
जो सामने दिखाई दे–
नारायण का निवास स्थान–
जो इंसानियत करे–

प्रश्न 9: उपसर्ग या प्रत्यय जोड़ कर शब्द बनाइए–

मानव आदर सत्य शासन

प्रश्न 10: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दिजिए।

1– सच्ची ईश्वर पूजा क्या है?
2– रहमत किससे मिलने गया था?
3– रमन का पूरा नाम क्या था?

प्रश्न 11: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दें–

1– किसान की तुलना किससे की गई है?
2– अपना संचित धन देते हुए लाजवंती क्यों प्रसन्न हुई?
3– काबुली वाला कौन था? वह अपना देश छोड़कर दूसरे देश क्यों आया था?

प्रश्न 12: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखें।

प्रो0 बीरबल साहनी
डॉ0 होमी जहाँगीर भाभा
सर सी. वी. रमन
विज्ञान वरदान या अभिशाप
भारत कोकिला सरोजिनी नायडू

प्रश्न 13: आपने एक कविता लिखी है जिसे ''बालहंस'' नामक पत्रिका में छपवाना चाहते हैं । पत्रिका के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें इस कविता को छापने का अनुरोध हो।